# ALL INDIA GOVERNMENT DRIVER'S FEDERATION

(Regd. No. S/00927 NE/2012/Dt. 13.06.12) Add. : Garage No. 3, M-Block, Vikas Bhawan, N. Delhi-110002

(Recognised by All States/Union Territories Vide Their Individual Affiliated State Govt.)

Website.: www.aigdf.org

*President*:
**Rampher Pandey**
(M) 9450018863
1/A, PWD Colony, 96, M.G. Marg,
Engg-in-Chief Campus,
Opp. Raj Bhawan,
Lucknow-226001 (U.P.)

*Secretary General*
**Narender Singh (Delhi)**
(M) 9210274309
Off. Tel. No. : 23378128
Email : aigdf16@gmail.com
Web.: www.aigdf.org


Ref. No. AIGDF/2021/203

Date : 11-06-2021

## संदेश

साथियों,

11 जून का दिन हम सभी के लिये एक महत्वपूर्ण और उत्साहवर्धक दिन है । 11 जून 1994 को हमारे वरीष्ठ साथियों और मार्गदर्शको ने ऑल इण्डिया गर्वमेन्ट ड्राइवर्स फेडरेशन की स्थापना की थी और आज हम अपने 27वा स्थापना दिवस को चालक दिवस के रूप में मना रहे है । 11 जून 2019 को फेडरेशन ने अपना स्वर्ण जयंति समारोह बडे हर्षोउल्लास और धूम–धाम के साथ दिल्ली में आयोजित किया था । जिसमें देश के सभी राज्यों और जिलों से भारी मात्रा में चालकों ने भाग लेकर उस कार्यक्रम को सफल बनाया था । स्वर्ण जयंति के अवसर पर दिल्ली के मुख्य सचिव श्री विजय देव आईएएस ने हमारा मुख्य अतिथय स्वीकार करके हमे गौरान्वित किया था और फेडरेशन कार्यालय के लिये दिल्ली के विकास भवन परिसर के एम–ब्लाक में कार्यस्थल आंवटित कराया था । स्वर्ण जयंति के शुभ अवसर पर मुख्य सचिव महोदय ने फेडरेशन द्वारा प्रकाशित सारर्थी की आवाज स्मारिका का विमोचन भी किया था व फेडरेशन की वेबसाईट www.aigdf.org का भी उद्घघाटन किया गया था ।

आज 27 वे स्थापना दिवस और चालक दिवस के अवसर पर दिल्ली की खादय एवं सम्भरण सचिव एवं आयुक्त श्रीमति पदमनी सिंगला आई.ए.एस. ने मुख्य अतिथि एंव श्री कुलदीप सिहँ, अति0 आयुक्त, और श्री कृष्ण कुमार, सयुक्त सचिव, खादय एवं सम्भरण विभाग ने समारोह में अतिथि के रूप में पधारकर चालकों का मान और सम्मान बढाया है जिसके लिये दिल्ली व देश के सभी चालक शत् शत् नमन और अभिवादन करते है । आज के इस शुभ अवसर पर सचिव महोदया एवं उपरोक्त अधिकारी वृक्षा रोपण करेगे ।

साथियों चालक, राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मंत्री, राज्यपाल, मुख्यमंत्री, न्यायधीशों, आई.ए.एस, आई.पी.एस., डाक्टर्स, इंजीनियर, अधिकारियों से चपरासी तक को समय से कार्यालय पहुॅचाते है, आंधी हो तूफान, छोड के अपने परिवारो को, हर मोको पर जाते हम । धर्म मजहब का बन्धन तोड, शवदाह व कब्रो तक, शवों को पहुॅचाते हम । मन्दिर, मजस्दि, गिरजा हो या गुरूद्वारा सबकों शीश नवाने ले जाते हम । दंगा फसाद, चुनाव हो, लॉक डाउन में अन्न वितरण हो या महामारी सभी जगह जाने को तैयार रहते हम ।

इस कोरोना महामारी के दौरान कोरोना नियमों का पालन करते हुये हम अपनी डयूटी को ईमानदारी से निभा रहे है और निभाते रहेगे, अपने वाहन को अपनी रोजी रोटी समझकर उसके प्रति निष्ठावान रहेगे । फेडरेशन के प्रयास से संम्भवतः निकट भविष्य में चालकों के प्रति नियमों में सुधार के लिये कार्मिक मंत्रालय, भारत सरकार में बैठक हो सकेगी । मुझे देश के कई राज्यों से चालक दिवस पर कार्यक्रम आयोजित करने के समाचार मिल रहे है मैं उन सभी साथियों का आभार प्रकट करता हूॅ ।

मैं इस अवसर पर सभी उपस्थित महमानो और साथियों का अभिनन्दन करता हूॅ और सभी साथियों से अनुरोध करता हूॅ कि एक जूट होकर हम चालक एकता को मजबूत बनाये रखें ।

चालक एकता जिन्दाबाद    चालक एकता जिन्दाबाद    चालक एकता जिन्दाबाद

नरेन्द्र सिहँ 11/6/21

(नरेन्द्र सिहँ)
महासचिव